## एक नजर में

### संत श्री गजानन महाराज प्रकटोत्सव पर महाप्रसादी कल




**बुरहानपुर।** सभी श्रद्धालु भक्तगण को सूचित किया जाता है कि संत श्री गजानन महाराज का प्रकटोत्सव दिनांक 8 फरवरी रविवार को शिव कॉलोनी, सिंधी बस्ती, ब्रह्मपुर बुरहानपुर पर बड़े धूमधाम व श्रद्धा भाव से मनाया जाएगा। इस दौरान महाआरती प्रात: 10.30 बजे एवं महाप्रसादी दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ होगी। आयोजक नितिन श्री पुंडलिक महाजन ने सभी भक्त जनो से विनम्र अनुरोध है कि इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं एवं महाप्रसादी का आनंद लेवे।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण



**नेपानगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुप्रतीक्षित,प्रेरणादायी कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा का सीधा प्रसारण महाविद्यालय के स्मार्ट कक्षा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करना, विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, लक्ष्य केन्द्रित तैयारी के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 125 छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को अत्यंत उपयोगी, प्रेरक व्यवहारिक बताया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को परीक्षा को जीवन का उत्सव मानने, तनावमुक्त रहकर पढ़ाई करने, समय प्रबंधन, अनुशासन, आत्म मूल्यांकन तथा माता पिता और शिक्षकों से संवाद बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सारगर्भित विचार रखे। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजू सपकाले, क्रीड़ा अधिकारी जेम्स मिंच,प्रो चन्द्रपाल सिंह रावत, प्रो कविता सेठी, प्रो श्रुति महाजन, प्रो योहन परिहार, प्रो विकास पंवार,डॉ रुशमान साब गुर्रीकर, डॉ विवेक दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के संदेशों को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। दृष्टिकोण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कार्यक्रम न केवल परीक्षा की तैयारी को सरल बनाता है, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करता है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों ने इसे अत्यंत लाभकारी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

### सेवाभावी बंसतराव महाजन का निधन



**इच्छापुर।** प्रगती नगर सेवाभावी बंसतराव बाबुराव महाजन का 70वर्ष की आयु मे दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे विगत वर्षों से बुरहानपुर प्रगती नगर में निवासरत रहें। वे अपने पिछे एक पुत्र एवं एक पुत्री, पत्नि सहीत भशभूरा परिवार छोड गए। इनके निधन पर सुनिल कुमार देशमुख अकोला ,डॉ रमाकांत पाटील ,दिवाकर गुरव ,शांताराम महाजन,प्रकाश महाजन , भागवतराव फेगडे ,विनोद पेटारे ,रघुनाथ चौधरी, नामदेव महाजन, शांताराम पवार आदी ग्रामीण एवं शहर के लोगो ने शोक व्यक्त किया।

### नव गीत दिवस समारोह संपन्न



**बुरहानपुर।** अखिल भारतवर्षीय नवगीत कुटुम्ब द्वारा नवगीतकार प्रो.डॉ. वीरेन्द्र निर्झर एवं नवगीतकार प्रो.डॉ. सुरेन्द्र जैन भारती के मुख्यातिथ्य एवं प्रो.प्रकाशचन्द शाह के विशिष्ट आतिथ्य में नवगीत दिवस समारोहपूर्वक जैन विद्या एवं प्राकृत शोध संस्थान में मनाया गया। यह उल्लेखनीय है कि दिनांक 5फरवरी 1958 में सर्वप्रथम नवगीत विधा का शुभारंभ गीतांगिनी के माध्यम से श्री राजेन्द्रप्रसाद सिंह ने किया था। उसी की स्मृति स्वरूप नवगीत को प्रोत्साहन देने के लिए नवगीत दिवस 5फरवरी को मनाया जाता है। इस अवसर पर नवगीत अवधारणा,परिभाषा, विकास और सामाजिक यथार्थ एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। नवगीत विषयक शोध आलेख वाचन प्रो.शशिकान्त दुबे, प्रो.सोनाली चौधरी, डॉ.अश्विनी महाजन,प्रकाश खैरनार नेपानगर एवं डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती ने किया । नवगीत वाचन एवं काव्यगोष्ठी में ठा. वीरेन्द्रसिंह चित्रकार, डा.सुनील दीक्षित, प्रो.सुनीता चौकसे, कैलाश जयवंत,यज्ञशरण द्विवेदी ने सहभागिता की। सरस्वती वंदना जैन हैप्पी स्कूल की छात्राओं कु.आरुषि, कु.साक्षी,कु.आरोषी एवं गीतकार ठा.वीरेन्द्रसिंह चित्रकार ने की। स्वागत गीत गायन प्रोण् सोनाली चौधरी ने किया। चर्चा सत्र में ज्योति पवार, पूजा छत्रे, प्रो. शैलेन्द्र चौधरी,सुभाषचन्द शर्मा ने सहभागिता की। संचालन डॉ.अश्विनी महाजन ने किया। अध्यक्षीय वक्तव्य में डॉ. वीरेन्द्र निर्झर ने कहा कि गीत में नवता, यथार्थ बोध एवं समकालीन जीवन पद्धति एवं सामाजिक सरोकारों को लेकर नवगीत यात्रा प्रारंभ हुई जो आज एक स्वतंत्र विधा के रूप में अपनी गीतात्मकता,तालबद्धता,लयात्मकता, सांगीतिकता के साथ निरंतर चल रही है और इसमें प्रभूत मात्रा में लेखन कार्य हो रहा है। आज सभी वक्ताओं एवं कवियों ने नवगीत पर विमर्श के माध्यम से नवगीत संरचना एवं स्वरूप पर विशद विवेचन किया है। सभी बधाई के पात्र हैं। आभार प्रो.शैलेन्द्र चौधरी ने व्यक्त किया। म.प्र.राष्ट्र भाषा प्रचार समिति, अखिल भारतीय साहित्य परिषद् एवं बुरहानपुर हिन्दी मंच ने आयोजन में सहभागिता की।

### कांग्रेस आईटी सेल ने विधायक को भेजा ईमेल

**नेपानगर।** केंद्र सरकार ने हाल ही में केंद्रीय बजट 2026 पेश किया है। इसके प्रचार प्रसार के लिए गठित बजट प्रचार समिति की टोली प्रभारी नेपानगर विधायक मंजू राजेंद्र दादू को बनाया गया है। वह जगह जगह जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं, आमजन को बजट की बारीकियां बता रही हैं तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस आईटी सेल की ओर से शुक्रवार को विधायक को ईमेल के माध्यम से ज्ञापन भेजकर कई सवाल पूछे गए हैं। आईटी सेल प्रदेश महासचिव व जिला प्रभारी खंडवा शहर धीरज करोसिया ने एक ज्ञापन ईमेल पर भेजकर बजट की विसंगतियों पर विधायक का घेरा। उन्होंने आधिकारिक बजट दस्तावेजों का हवाला देते हुए विधायक से पूछा गया है कि जब बजट में गरीबए किसान और आदिवासियों के हक पर कैंची चली है, तो वे किस आधार पर इसे जनहितैषी बता रही हैं। धीरज करोसिया ने विधायक से आग्रह किया है कि वे केवल दिल्ली से मिले प्रचार मॉड्यूल को न पढ़ें।

# लव जिहाद का आरोप: इम्तियाज ने धमकी से बुलाया, सहेली की साजिश

## बुरहानपुर में ग्रुमिंग और धर्मांतरण के आरोप में दर्ज मामला




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश के बुरहानपुर शहर में एक बार फिर कथित ग्रूमिंग और जबरन धर्मांतरण का मामला सामने आया हैए जिसने सामाजिक हलकों में उबाल ला दिया है। थाना कोतवाली पुलिस ने 20 वर्षीय युवती को सुपुर्द कर आरोपी युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 308,2 और मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। शुरुआती जांच में पीड़िता की सहेली की संदिग्ध भूमिका भी सामने आ रही है।

दरअसल पीड़िता के पिता ने 3 फरवरी 2026 को थाना कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी बेटी अनामिका ,बदला हुआ नाम उम्र 20-21 वर्ष दोपहर करीब 2.45 बजे घर से सिलाई की कोचिंग जाने की बात कहकर निकली थी। भतीजे ने 3.30 बजे कोचिंग सेंटर जाकर देखाए लेकिन वह वहां नहीं मिली। मोबाइल नंबर पर कॉल करने पर फोन बंद मिला, जिसके बाद परिजन घबरा गए।

**8-10 महीने से संपर्क, सहेली के जरिए बना था कनेक्शन:-** पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी इम्तियाज उल्ला ;19 वर्ष निवासी डाकवाड़ी, बुरहानपुर, का अनामिका से 8 से 10 माह से संपर्क था। यह संपर्क पीड़िता की एक मुस्लिम सहेली के माध्यम से शुरू हुआ, जिसने दोनों को मिलवाया। आरोपी इम्तियाज पीड़िता के परिवार के यहाँ नौकरी करता था। यहीं से कथित तौर पर ग्रूमिंग की शुरुआत हुई।

**फोटो.वीडियो वायरल करने की धमकी, पैसों के साथ बुलाया:-** पुलिस के मुताबिक 3 फरवरी को दोपहर करीब 3 बजे आरोपी इम्तियाज ने अनामिका को फोन कर धमकी दी कि अगर वह रेलवे स्टेशन पैसे लेकर नहीं आईए तो उसके साथ बनाए गए फोटो और वीडियो वायरल कर दिए जाएंगे। डर के चलते युवती 500-500 रुपए की 3 गड्डी लेकर घर से निकली।

आरोप है कि आरोपी युवती को लालबाग से अपने साथ ले गया और फिर छोटी अजमेर दरगाह ;पातोंडाद्ध के पास पहुंचाए जहां उस पर इस्लाम धर्म कबूल करने का दबाव बनाया गया। इसके बाद आरोपी उसे असीरगढ़ ले गया और अंत में गर्ल्स स्कूलए बुरहानपुर के पास छोड़कर फरार हो गया। गुमशुदगी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने सर्च शुरू किया। 4 फरवरी को युवती को विधिवत सुपुर्द कर मेडिकल परीक्षण कराया गया। उस समय स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण बयान दर्ज नहीं हो सके। 5 फरवरी को युवती के थाने पहुंचने पर महिला अधिकारी द्वारा उसके विस्तृत कथन दर्ज किए गए। मामले ने राजनीतिक और सामाजिक तूल भी पकड़ लिया। हिन्दू जागरण मंच सहितं अन्य संगठनो ने अपना आक्रोश व्यक्त किया है। हिंदू नेता महेश सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि पीड़िता की मुस्लिम सहेली भी इस पूरे घटनाक्रम में शामिल है और उसी ने आरोपी इम्तियाज से जान.पहचान कराई। उन्होंने मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है। इस दौरान अजीत परदेशी,मयूर तिवारी,आलोक मिश्रा, सचिन गाड़े सहित अन्य मौजूद रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 308;2द्धए ध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 3५5;1द्ध के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार,कॉल डिटेल, मोबाइल नंबर, बयान और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। सहेली की भूमिका समेत सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जब किसी मामले में आरोप होता है कि पहले ग्रुमिंग ;मानसिक ब्रेनवॉश/भावनात्मक फंसाना की गई। फिर प्रेम संबंध का सहारा लिया गया और अंत में धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया गया। तो ऐसे मामलों को आम बोलचाल और मीडिया में ग्रुमिंग लव जिहाद कहा जाता है।

# महापौर ने शहर में चल रहे निर्माणाधीन डामरीकरण सड़कों का किया निरीक्षण

## अधिकारियों एवं ठेकेदार को जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शहर में विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं बुरहानपुर शहर को समृद्ध स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल पुर्व महापौर श्री अतुल पटेल ने नगरीय निकाय के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 09 शाह बाजार नया मोहल्ले में चल रहे निर्माणाधीन डामरीकरण सड़क का स्थल निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल का शहर में चल रहे सड़कों के निर्माण कार्यए गुणवत्ता और गति पर फोकस हैं तथा लगातार सक्रिय बनी हुई हैं।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता,कार्य की गति और तकनीकी मानकों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वार्ड नंबर 09 शाह बाजार नए मोहल्ले में सड़क का निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाएए जिससे क्षेत्रवासियों को सुरक्षित और सुगम यातायात सुविधा मिल सके।

नया मोहल्ला क्षेत्र चल रहे डामरीकरण सड़क निर्माण को लेकर क्षेत्रवासियों ने खुशी प्रकट करते हुए निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल पुर्व महापौर श्री अतुल पटेल जी का आभार प्रकट किया।

महापौर श्रीमती पटेल ने बताया कि जल आवर्धन योजना और सीवरेज लाइन डालने के कारण काफी गड्ढे हो गए थे , बरसात के दिनों में आने जाने में परेशानी होती थी, नई डामरीकरण सड़क के निर्माण से अच्छी सड़क के बनने से आवागमन सुगम होगा। निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल पुर्व महापौ अतुल पटेल रहवासी इमरान खान, सचिन पवार,स्थानीय पार्षद एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने स .उ .नि . अमरजीत कौर यादव का सम्मान कर प्रोत्साहित किया



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिला बुरहानपुर पुलिस विभाग में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक अमरजीत कौर यादव ने महाराष्ट्र प्रांत के पिंपरी चिंचवड नगर पुणे में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित आठवी राष्ट्रीय मास्टर्स विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत मध्यपद्रेश दल में अमरजीतकौर यादव ने 30 एवं 40 आयु वर्ग में कबड्डी में 02 रजत पदक एवं 40 आयु वर्ग में हेमर थ्रो में कास्य प्राप्त किये । इस प्रतियोगिता में 36 राज्यों के करीबन 6000 खिलाड़ियों ने सहभागिता की।

पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, नगर पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी गौरव पाटील द्वारा बुरहानपुर पुलिस का नाम रोशन करने पर स.उ.निरिक्षक अमरजीत कौर यादव का सम्मान किया एवं इस उपलब्धी के लिए उन्हें पुलिस विभाग के अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# लाला सूर्यवंशी ने किया नेट क्वालिफाइड

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** ग्राम धुलकोट के लाला रामा सूर्यवंशी ने यूजीसी नेट परीक्षा दिसंबर 2025 राजनीति विज्ञान विषय में क्वालिफाइड किया। शासकीय महाविद्यालय धुलकोट के विद्यार्थी रहे लाला सूर्यवंशी ने बताया कि मुझे डॉ कृष्णा जी मोरे सर से निरंतर मार्गदर्शन मिलता रहा डॉ कृष्णा सर ने मुझे हमेशा से ही पढ़ाई के लिए मोटिवेट किया जिससे कि मैं आज उनके आशीर्वाद से यह राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा पास हो सका। लाला सूर्यवंशी ने अब पीएचडी कर प्रोफेसर बनने का लक्ष्य लिया है। लाला सूर्यवंशी के



यूजीसी नेट परीक्षा क्वालिफाइड करने पर परिवार और मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कलेक्टर ने कृषि योजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत समृद्ध किसान.समृद्ध प्रदेश की अवधारणा को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्टर श्री हर्ष सिंह की अध्यक्षता में कृषि आदान समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि,उद्यानिकी, मत्स्य, दुग्ध, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा जिले में किसानों के हित में संचालित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का समीक्षात्मक जायजा लिया गया।




बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि मिट्टी परीक्षण के आधार पर प्राप्त परिणामों की जानकारी क्षेत्रवार कृषकों तक पहुँचाई जाए। जिले में तीसरी फसल के रूप में मूंगफलीए उड़द एवं तिल के रकबे में वृद्धि हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों की जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुँचाने तथा किसानों के लिए समयपूर्व प्रशिक्षण एवं चौपाल आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उद्यानिकी विभाग को उद्यानिकी फसलों के क्लस्टर विकसित कर कार्य करनेए धार्मिक स्थलों के आसपास फूलों के क्लस्टर बनाकर फूलों की खेती को बढ़ावा देने तथा सूक्ष्म सिंचाई योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कृषकों के आवेदन कराकर शत.प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। साथ ही गुणवत्तायुक्त एवं निर्यात योग्य उपज उत्पादन हेतु एपीडा एवं अन्य एजेंसियों के विशेषज्ञों को आमंत्रित कर किसानों का प्रशिक्षण सुनिश्चित करने को कहा गया। निर्देश दिये गये कि जिले के शेष किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए जाएं तथा पशुपालन केसीसी के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जाए।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सातपायरी में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सातपायरी में 5 फरवरी को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर उत्साह, भावनाओं और रंगारंग कार्यक्रमों से सराबोर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा 12वीं कक्षा के छात्रों, शिक्षकों का तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा कर स्वागत करने से हुई। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह के अंत में विद्यालय के प्राचार्य रत्नेश कुमार जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी आगे की पढ़ाई जारी नहीं कर सकतेए उनके लिए विद्यालय की ओर से विभिन्न लघु पाठ्यक्रमों की व्यवस्था कर उन्हें रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। यह विदाई समारोह विद्यार्थियों के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बनकर उनके जीवन में सदैव अंकित रहेगा।

# दरगाह-ए-हकीमी और विजन प्लस फाउंडेशन द्वारा 1250 लोगों का नेत्र परीक्षण

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** दाऊदी बोहरा समाज के धर्मगुरु हिज़ होलीनेस डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन की प्रेरणा और निर्देश पर दरगाह.ए.हकीमी एवं विजन प्लस फाउंडेशन, मुंबई द्वारा स्वास्थ्य विभाग बुरहानपुर के सहयोग से आठवां विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ मुंबई से पधारे जनब मुस्ता अली भाई साहब के आशीर्वचन से हुआ। उन्होंने सैयदना साहब के संदेश को दोहराते हुए कहा स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ समाज का निर्माण करता है। आंखें शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं और आका मौला की इच्छा है कि हर बंदे की आंखों की रोशनी उज्जवल रहे। श्री वीरसिंह चौहान मुख्य अतिथि दरगाह.ए.हकीमी द्वारा पिछले 10 वर्षों से किए जा रहे मोतियाबिंद ऑपरेशन कैंप सेवा की एक मिसाल हैं। गौरव पाटिल ने कहा कि पद्मश्री डॉ.लहाने के सेवा भाव को उनके पुत्र डॉ.सुमित लहाने द्वारा निरंतर आगे बढ़ाना सराहनीय है। यह उनकी बुरहानपुर में तीसरी सेवा यात्रा है। डॉ.राजेंद्र कुमार वर्मा मुंबई के विशेषज्ञों से चर्चा कर हम जिला अस्पताल को भी उच्च श्रेणी का बनाने का प्रयास करेंगे।

शहर आमिल शेख युसूफ भाई साहब जमाली ने कहा कि मुंबई और पुणे जैसे महानगरों के अनुभवी डॉक्टर्स की असाधारण काबिलियत जब खुदा की कृपा से मिलती है, तो नामुमकिन भी मुमकिन हो जाता है। यहाँ हुनर और दुआएं मिलकर चमत्कार करते हैं। डॉ.सुमित लहाने ;मुंबई मरीजों की जांच के साथ.साथ 750 लोगों के रहने और भोजन की जो व्यवस्था दरगाह.ए.हकीमी ने की है,वह काबिले तारीफ है।

**शिविर की मुख्य उपलब्धियां:-** विजन प्लस फाउंडेशन के मुस्तफा भाई मलकापुर वाला और जौहर भाई नवाब ने बताया कि कुल जांच शिविर में 1250 लोगों के आंखों की जांच की गई। जिसमें से 350 मरीजों का चयन हुआ केवल मेडिकल रूप से फिट पाए गए मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन फेंको पद्धति से किया जाएगा ऑपरेशन तिथिरू ये ऑपरेशन 6 और 7 फरवरी को श्यामा प्रसाद मुखर्जी नेत्र अस्पताल में किए जाएंगे।

**विशेषज्ञों की टीम:-** शिविर में देश के प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने अपनी सेवाएँ दी, जिनमें डॉ.सुमीत लाहाणे मुंबई,डॉ. निखिल कंदुरवार ;नागपुर,डॉ.रुति पाटिल पुणे और डॉ.युगंधरा पटाडे मुंबई शामिल हैं।

इस अवसर परै क्ड श्री अजमेर सिंह गौड़ए दरगाह.ए.हकीमी के मैनेजर शेख शब्बीर भाई मेड्डा वाला, शेख यूसुफ भाई जमाली और शेख मुस्तफा भाई उज्जैन वाला विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में विजन प्लस फाउंडेशन ,मुंबई, पुणे, वरोरा,अमूर सेहत कॉर्डिनेटर मोहम्मद मर्चेंट अमूर सेहत बुरहानपुर टीम, बी.जी.आई.टीम, हैदर भाई बुढ़िया वाला,अब्बास भाई बारूद वाला का महत्वपूर्ण योगदान रहा। 6 फरवरी को चयनित मरीजों में से 120 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन फेंको पद्धति से कियागया।

## एक नजर

### केंद्रीय उद्योग मंत्री से सांसद के नेतृत्व में मिला अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल

# नेपा मिल की उत्पादन प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ करने व कई मुद्दों पर बात रख निराकरण करने हेतु पत्र दिया

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** नेपा मिल से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को लेकर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के नेतृत्व में अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी से दिल्ली में मुलाकात कर मिल की उत्पादन प्रक्रिया प्रारंभ करने सहित अधिकारियों व कर्मचारियों से जुड़े अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दों के निराकरण के लिए अनुरोध किया।



केंद्रीय मंत्री ने विश्वास दिलाया कि नेपा मिल सतत चलती रहेए इसके लिए भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा एक ठोस योजना बन कर तैयार की जा चुकी है और जल्द ही इन सारी समस्याओं का निराकरण होगा।

**इन मुद्दों पर सांसद ने रखी बात:-** सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने केंद्रीय उद्योग मंत्री को बताया कि मेरे संसदीय क्षेत्र खंडवा में स्थित ऐतिहासिक एवं प्रतिष्ठित नेपालिमिटेड,नेपानगर जिसे ष्कागज की काशी के उपमा से अलंकृत किया गया है। यह कारखाना एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा और स्वतंत्र भारत का पहला अखबारी कागज का कारखाना है, जो भारत सरकार के भारी उद्योग विभाग के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है।

इस मिल के पुनरुद्धार के लिए सरकार द्वारा कुल 512 करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता देकर इस मिल का नवीनीकरण किया गया था। मेरे संसदीय क्षेत्र में यह एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है जिस पर लगभग 140 गांवो की अर्थव्यवस्था निर्भर हैं और उन लोगों के रोजगार का एक मात्र साधन भी यही मिल है।

**विगत 14 माह से वेतन नहीं:-** सांसद ने बताया कि यहाँ के अधिकारियों व कर्मचारियों को विगत 14 माह से वेतन भुगतान तक नहीं किया जा सका है। वही कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए 29 वर्षों से लंबित 2007 व 2017 के वेतनमान को लागू किया जाए।

उल्लेखनीय है की इन मुद्दों को 30 जुलाई 2025 को नियम 377 के तहत सांसद द्वारा लोकसभा में भी उठाया गया था। प्रतिनिधि मंडल में नेपा ऑफिसर्स स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र केशरी, सचिव संजय पवार, कर्मचारियो के प्रतिनिधि किसन चौधरी व नेपा लिमिटेड से सेवानिवृत प्रबंधक प्रशांत कुमार बैठालु आदि मौजूद रहे।

# सूने मकान से चोरी, इलाके में सनसनी

**नीमच।** केंट थाना क्षेत्र के बगीचा नंबर 13 इलाके में बीती रात चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए देर रात बड़ी चोरी को अंजाम दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मकान मालिक किशोर पंजाबी पिता कर्नल सिंह पिछले तीन दिनों से पारिवारिक कार्य से पंजाब गए हुए थे। मकान सूना होने की भनक लगते ही चोरों ने रात करीब 3 से 5 बजे के बीच मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया।